


## असीम ज्ञान के विद्वान?

ज्ञान को आजकल टनों के हिसाब से उछाला जा रहा है। जहां देखो हर व्यक्ति ज्ञानी है। बस! सामने वाले को बांटने तत्पर। अगर कोई असीम भक्ति से भरा भक्त मिल गया तो समझो आपको ज्ञान की मोक्ष गंगा में डुबकी लगाने पर मजबूर करेगा। आपको ज्ञान देकर खुद तरेगा। कहने का मतलब यह है कि कान से मुंह सटाते रहो ज्ञान की गंगा बहाते रहो। वैसे ही एक ज्ञानी हमको मिल गए आज सुबह मॉर्निंग वॉक में। मैं बैठा था तो करीब आकर बैठे। बोले कुछ बातचीत करें। मैं उन्हें मॉर्निंग वॉक पर कई दिनों से देख रहा था। परिचित थे तो मैंने हामी भरी।

वे बोले जब ड्रोन नहीं थे तब हम लोग गैस के गुब्बारे में कई तरह के वृक्षों के बीज भरकर छोड़ देते थे और वे काफी दूर, पहाड़ों पर, बियाबानों में फूट जाते और वहां जमीन में पड़कर पौधे फिर वृक्ष बनते रहे।

लेकिन आप इतने बूढ़े तो नहीं लगते?

क्या मतलब है आपका?

यही कि ड्रोन का आविष्कार 1917 में ही हो गया था। हां भारत में आते आते और चालीस साल भी ले लें तब भी।

वे खिसियानी बिल्ली की तरह हंस दिए। मैंने कहा आजकल ज्ञान गंगा खूब बह रही है। लोगों ने तर्क को दरकिनार कर बस बोलना, जिसे फेंकना भी कहते हैं, शुरू किया है।

कुछ रुककर वे बोले भारत आज और भी ज्यादा प्रगति करता अगर नेहरू की जगह पटेल प्रधानमंत्री होते। उन्हें बनने नहीं दिया गया।

मैंने कहा पहला आम चुनाव भारत में कब हुआ था?

शायद 1948 में, जब नेहरू प्रधानमंत्री बने थे।

आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि पहला आम चुनाव 1951,52 में हुआ था, तब नेहरू जी प्रधानमंत्री पद के लिए चुने गए।

वही तो। तब सरदार वल्लभ भाई पटेल को चुना जाना था। नेहरू ने तिकड़म लगाई और गणित बिठा कर जीत गए।

महान ज्ञानी महोदय। पटेल जी का 1950 में निधन हो गया था। कुछ कहने से पहले तर्क, सत्य और विवेचना भी टटोल लिया करें।

मुझे लगा कहां किस बुड़बक के चंगुल में फंस गया हूं। दूर चाय की दुकान पर से दो कप लिए आता छोटू दिखा। मैंने बुड़बक से पूछा चाय पियेंगे? बोला नहीं। 2014 से मैंने चाय छोड़ दी, क्योंकि चाय बेचने वाले को देखता हूं तो अपनी बदहाली के दिन याद आते हैं और मैं उदास हो जाता हूं।

छोटू से चाय लेकर मैं पीने लगा। वह फिर शुरू हो गया परिवारवाद के बारे में आपका क्या विचार है। इस देश को कांग्रेस ने जो वंशानुगत गद्दी माना है, सभी एक के बाद एक प्रधानमंत्री बने उन्हीं के लोग, उन्हीं की संतान। आपको यह गलत नहीं लगा?

जब तक नेहरू प्रधानमंत्री थे तब तक इंदिरा गांधी किसी भी सदन की सदस्या नहीं थी। नेहरू के निधन के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजनीति में उनका बेटा राजीव जो पायलट था, राजनीति से कोई संबंध नहीं था, उसे पी एम बनाया गया। फिर उनके बाद सोनिया बन सकती थीं पर पी वी नरसिंह राव, फिर मनमोहन सिंह को पी एम बनाया गया। इसमें भी आप राजनीति कहोगे तो?

क्या फिलहाल सरकार में परिवारवाद है? बोलिए। किसी भी सांसद का बेटा अपने पिता के पद का फायदा उठा रहा है?

क्यों नहीं? किसानों को जीप से कुचलने वाला एक सांसद का सुपुत्र था। गृहमंत्री का सुपुत्र न क्रिकेट खेलना जानता है, उसे न अंग्रेजी आती है, न हिंदी, बीसीसीआई का चेयरमैन बन हुआ है या नहीं? ऐसे कई हैं, मैंने तो चंद उदाहरण दिए हैं।

छोटू बोला भैया! चलिए चलते हैं। धूप तेज हो रही है।

# आज के भौतिक युग में हम अपनी सनातन सभ्यता को भुलते जा रहे हैं

## धार किले की प्राचीर से हिन्दू नववर्ष अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न







*धार। विगत पंद्रह वर्ष से आयोजित किए जा रहे सुर्य अर्घ्य और पुजन कार्यक्रम धार किले की प्राचीर से सम्पन्न हुआ, हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य अपनी प्राचीन संस्कृति और संस्कारों को आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करना है, आज के भौतिक युग में हम अपनी सनातन सभ्यता को भुलते जा रहे हैं, जबकि दुनिया हिंदुत्व का अनुसरण कर रही है।*

इस परिस्थिति में हम हिन्दूओं का दायित्व बढ़ गया है आने वाले समय में भारत दुनिया को मार्गदर्शन देने कु भुमिका निभाने के लिए तैयार रहे, इसलिए प्रत्येक हिन्दू को आपनी भुमिका सुनिश्चित करना पड़ेगी, अपने धर्म, संस्कृति, सभ्यता और धर्म ग्रंथों के प्रति कट्टर बनना होगा, इन्ही उद्देश्यो के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, संस्था द्वारा संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज में जनजागरण करना यही संकल्प लिया है, इस कार्यक्रम में धार नगर की जनता ने बड़ी संख्या में सपरिवार सम्मिलित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा नेता श्री ज्ञानेंद्र त्रिपाठी थे, विशेष अतिथि श्री वरिष्ठ समाजसेवी श्री मोहन जोशी, श्री ओम प्रकाश सोनी एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संदीप खटोड़ थे। अतिथियों का स्वागत, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती विनीता रावल, सह संयोजक श्रीमती वर्षा व्यास, कविता मालवीय, श्रीमती श्वेता चौरसिया ने किया, संचालन कार्यक्रम व्यवस्थापक शैलेन्द्र चौरसिया ने किया, सुर्य अर्घ्य और पुजन डॉ निलेश व्यास के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में, संस्था के पदाधिकारी सर्व श्री, राजेश गुप्ता, दिपक श्रीवास्तव। अभिषेक चौधरी, दिपक सिंघारे। दिक्षांत तराणेकर। सुरेन्द्र ठाकुर, योगेन्द्र शर्मा, विकास गुणे, रिंकु मेरवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही, यह जानकारी संस्था के दिपक बिड़कर ने दी

## भोर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का किया अभिनंदन




**धार।** संस्कार भारती धार,नेभोज उद्यान में सामूहिकरुपसे सूर्य अर्घ्य दिया जिसमें कवि नंदकिशोर उपाध्याय,गोविन्द शर्मा,पराग भौसले,श्रीमती भोसले संग महिला की सहभागीता रही, गुड़ी पड़वा,चेत्र नवरात्री की सबको शुभकामना, देश प्रगति सुख समृध्दी,संग सबके स्वास्थ लाभ की सूर्य देव से की प्रार्थना, आपसी सोहाद्र भाई चारे की बयार चैत्र में चेतन्य होवे,स्नेह प्रित प्रगाढ, आपसी सद्भाव,मनाएईदसउल्लास, भाई चारे के साथ,आने वाली रामनवमी,संवारे अयोध्या धाम, घर घर दीप जलें मनाए दिवाली, नववर्ष सबको देवें खुशहाली, सबने की सूर्य देव से कामना। जानकारी नंदकिशोर उपाध्याय 'प्रबोधक' न े दी।

## एकलव्य विशिष्ट शाला चयन परीक्षा हुई



**डही।** नगर के सीएम राइज विद्यालय में रविवार को जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट विद्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा हुई।? इसमें कक्षा छठी में प्रवेश के लिए विकासखंड के 209 विद्यार्थियों ने चयन परीक्षा दी। यह परीक्षा केंद्राध्यक्ष अरुण कुशवाह, सहयोगी विजेंद्र सिंह डावर और सचिन इश्के के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रेक्षक मनीष भावसार ने परीक्षा का निरीक्षण किया। डही विकासखंड के साथ ही जिले के सभी 13 विकासखंडों में यह परीक्षा हुई। जिसमें पूरे जिले के कुल 15 केंद्रों पर करीब 2500 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## धार के वरिष्ठ जनों की चिंता जलप्रपात सिस्टम ठीक नहीं

### 60 प्लस लालबाग ग्रुप ने हिन्दू नववर्ष की बधाई दी और नगर की जल प्रदाय व्यवस्थाओं पर चिंता व्यक्त की



**धार।** वरिष्ठ जनों के समूह 60 प्लस लालबाग ग्रुप ने आज वर्ष प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष 2082 के शुभ अवसर पर जनहित में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य बबनजी अग्रवाल, महेश महेश्वरी एवं नारायण कुबेर जोशी, कन्हैयालालजी पुर्व पार्षद, हरिप्रसाद मिश्रा, बाबुलालजी जैन, गणेशजी, नंदकिशोर उपाध्याय, जेपी सिंग, मनिष सिसोदिया, कीकाभाई मिनारे, ओमप्रकाश जी आदि ने धार की पेयजल व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में परिषद ने जलकर का मासिक किराया प्रतिमाह रूपए 150 तय किया है, जो उचित है, लेकिन जल प्रदाय की स्थितियां संतोषजनक नहीं हैं। शहर के कई मोहल्लों में चार से पांच दिन में जल प्रदाय होता है, और शहर में कई अवैध नल कनेक्शन हैं जिन्हें नगरपालिका द्वारा ढूंढ कर शुल्क वसूला जाना चाहिए। इससे नगर पालिका की आय भी बढ़ेगी और जल प्रदाय की व्यवस्थाएं भी ठीक होंगी। इस अवसर पर सदस्यों ने हिन्दू नववर्ष के महत्व को भी याद किया गया बताया की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिन्दू नववर्ष का पहला दिन माना जाता है, जो सृष्टि की रचना का पहला दिन भी है ख। यह दिन वसन्त ऋतु के आगमन का भी संकेत देता है, और वातावरण खुशनुमा एहसास कराता है सभी सदस्यों ने नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना कर नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी।

## चित्रवंश सेवा संगठन उज्जैन, द्वारा सम्मान



**बाकानेर सैयद अखलाक अली।** विक्रमोत्सव 2025 में कालिदास अकादमी, उज्जैन में धार म.प्र.से पधारे प्रसिद्ध आर्टिस्ट श्री अनूप पिता श्री प्रवीण श्रीवास्तव जी के द्वारा तैयार की गई अद्भुत कलाकृतियों को सोलो आर्ट एक्जीबिशन में देखा एवं उनसे इस कला के बारे में बातचीत की.साथ ही उन्हें उनके इस हुनर के लिए चित्रवंश सेवा संगठन, उज्जैन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर निखिलेश खरे, घनश्याम सक्सेना, आलोक माथुर, मयंक श्रीवास्तव एवं वड़ोदरा से पधारे श्री रविन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित थे। सैयद रिजवान अली की रिपोर्ट

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने घायल आंगनवाड़ी सहायिकाओं से की मुलाकात



**धार।** केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर शनिवार को धार शहर में दीवार गिरने से घायल दो आंगनवाड़ी सहायिकाओं का हालचाल जानने इंदौर के निजी अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने दोनों महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके परिवार से मुलाकात की। **डॉक्टरों से स्वास्थ्य की जानकारी ली-** अस्पताल पहुंचकर श्रीमती ठाकुर ने उपचाररत सहायिकाओं की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों की स्थिति स्थिर है, लेकिन अधिक उम्र होने के कारण रिकवरी में समय लग सकता है। हालांकि, वे अब सामान्य स्थिति में हैं। **इलाज में किसी भी तरह की बाधा नहीं आएगी-** श्रीमती ठाकुर ने सहायिकाओं के परिवारों को आश्वस्त किया कि इलाज में किसी भी तरह की आर्थिक या अन्य परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि महिलाओं के इलाज में उच्च्च गुणवत्ता, पूर्ण सावधानी और संवेदनशीलता बरती जाए। इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का उपयोग किया जा रहा है।ये जानकारी सुभाष जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा दी गई।।

## जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम मनाया



**निवाली, (इंदौर समाचार)।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संपुर्ण मध्यप्रदेश के 55 जिलो मे 30 मार्च से 30 जुन तक जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम की योजना अनुसार जल की एक एक बुंद को बचाना है। यह कार्यक्रम गत वर्ष भी प्रदेश में मनाया गया था इसी तारतम्य में नगर परिषद द्वारा पलसुद रोड़ पर शासन के दिशा निर्देश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज शिव टेकड़ी स्थित शिव धाम पर सफाई अभियान जनप्रतिनिधियों व नगर परिषद कर्मचारी अधिकारियों व पार्षद गणों द्वारा किया गया।

## गायत्री शक्तिपीठ मनावर में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस हुई भीड़



**मनावर से बसन्त जख्मी।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ मनावर में प्रथम दिवस से भक्तों का मेला देखने का मिला पटेल कॉलोनी एवं गायत्री परिवार के परिजन सहित संपूर्ण नगर के परिजनों ने यज्ञीय वातावरण का लाभ लेते हुए चैत्र नवरात्र के उद्देश्य से प्रेरित हुए, चैत्र नवरात्र के पावन पर इस वर्ष विशेष प्रयोजनों का उपयोग किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर के 9 धार्मिक संस्थाओं का आमंत्रित किया गया है प्रथम दिवस राष्ट्र सेवा समिति की अगवाई करते हुए दीदी शानू शर्मा ने सकल विश्व में नारी की उपयोगिता एवं महत्वता पर प्रकाश डालते हुए नारी शक्ति का गुणगान कर परिजनों को मार्गदर्शन किया इस? बीच संस्कार प्रकोष्ठ के प्रयोग भी किए गए इसमें गर्भ संस्कार की महत्वता एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गए। गायत्री शक्तिपीठ मनावर में इस वर्ष ट्रस्ट प्रबंधक एवं शक्तिपीठ के हित में कार्य कर रहे हैं सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा 9 कुंण्डीय हवन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। और गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं तथा नगर मनावर पटेल कालोनी के सभी परिजनों को अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सभी को यज्ञीय वातावरण का लाभ एवं जन कल्याण के कार्य में भाग लेकर अपना एवं जन कल्याण के साथ धर्म कार्य के लाभ सभी तक पहुंचाने की अपील की गई। भीड़ अधिक होने पर शक्तिपीठ पर दूसरी पाली की व्यवस्था की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का खंड प्रकटोत्सव संपन्न





**मनावर से बसन्त जख्मी,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनावर नगर का आज प्रकट उत्सव कार्यक्रम चैतन्य धाम ग्राउंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ डॉक्टर के.सी. राणे (एमडी मेडिसिन) मुख्य वक्ता श्री अरविंद जी चौधरी धार विभाग कार्यवाह, राजेंद्र जी पाटीदार कुक्षी जिला संघ चालक एवं श्री आशीष जी गंगवाल मनावर खंड संघ चालक मंच पर विराजित थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रकटोत्सव कार्यक्रम में मनावर नगर के साथ चारों खंड सिंघाना, करौली, बाकानेर एवं टोकी के शाखा स्थान वाले ग्रामों से 130 प्रतिभागीयो ने एक साथ सामूहिक योग एवं आसन की प्रस्तुति दी। इसी के साथ विषय शह, नियुद्ध, पद विन्यास, दंड संचालन क्षमता, सामूहिक क्षमता एवं घोष वादन का सटीक अनुशासित एवं नयनाभीराम प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में धार विभाग कार्यवाह श्री अरविंद जी चौधरी ने कहा कि संघ को आपकी प्रशंसा नहीं समाज में आपकी भूमिका चाहिए ईश्वर ने हमें संपन्न एवं समृद्ध बनाया है तो हमारे नीचे के पंक्ति के हमारे समाज जनों को आगे बढाना भी हमारा दायित्व है मुख्य वक्ता श्री चौधरी जी ने अपने बौद्धिक में संघ के महत्व एवं शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समाज में पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशी मातृभाषा का प्रयोग, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक एकता-समरसता, नागरिकों के कर्तव्य पालन, प्लास्टिक एवं डिस्पोजल का उपयोग भी बंद करने का आह्वान किय। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रकट उत्सव कार्यक्रम के लिए समस्त समाज जनों में कई दिनों से उत्साह का वातावरण था जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में कार्यक्रम देखने हेतु युवा, व्यवसायी,प्रबुद्ध समाज जन एवं मातृशक्तिया उपस्थित रहे।

## उम्मे हानी ने हांसिल किया प्रथम स्थान



**कुक्षी।** जनपद पंचायत कुक्षी में वर्षो से सेवा प्रदान कर रहें बख्शी खान की पोती बेबी उम्मे हानी पिता समीर खान ने राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5 वी में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 86त्न प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है। जमुना देवी पब्लिक स्कूल सिलकुआ में अध्ययन करते हुए बेबी उम्मे हानी ने सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित की है। बेबी उम्मे हानी को मिली इस उपलब्धि पर दादा बख्शी खान के साथ सभी मिलने वाले और जमुना देवी पब्लिक स्कूल सिलकुआ के स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।